	FA | 2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षाः 1 | विषयः हिन्दी

PAPER CODE: 1013 | पूर्णांकः 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO– L-103 - भाषा में निहित ध्वनियों और शब्दों के साथ खेलने का आनंद लेते हैं जैसे- इन्ना, बिन्ना, तिन्ना।

गतिविधि 1. आवाज पहचानो

शिक्षक बच्चों को ऑडियो (विडियो) के माध्यम से अलग–अलग ध्वनियाँ सुनाकर आवाजों को पहचानने के लिए कहें जैसे –

i.	घण्टी की आवाज	vi.	गाड़ी का हार्न
ii.	कुत्ते के भौंकने की आवाज	vii.	बच्चे के रोने की आवाज
iii.	ढोलक की थाप	viii.	पक्षी का चहचहाना
iv.	बाँसुरी	ix.	मुर्गे की बांग
v.	रेलगाड़ी	x.	बादल गरजने की आवाज

गतिविधि 2. नन्हा हाथी

कविता सुनाकर छात्रों से प्रश्नों का जवाब देने को कहें। शिक्षक बच्चों से प्रश्न मौखिक पूछेंगे।

नन्हा हाथी

टीटू है एक हाथी का बच्चा
आग बुझाना काम है उसका
वर्दी उसकी बड़ी जोरदार
अपनी सूँड से पानी भरकर
छिड़कता है आग पर
फुस–फुस–फुस–फुस आग है करती
फिर धीरे से है बुझती
टीटू की है एक प्यारी सखी
नाम है उसका कुकी
दोनों मिलकर आग बुझाते है
और मदद करते है सबकी।

i. हाथी के बच्चे का नाम क्या है ?
ii. उसका काम क्या है ?
iii. हाथी का बच्चा आग कैसे बुझाता है ?
iv. कुकी कौन है ?
v. आग पर पानी छिड़कने से वह
धू–धू करके जल उठती है
फुस फुसाकर बुझ जाता है

गतिविधि 3. तुकान्त शब्द

शब्दों को सुनकर समान ध्वनि वाले अन्य शब्दों की सूची बनाएँ
(कक्षा में शिक्षक श्यामपट्ट पर एक शब्द लिखते हैं और बच्चे समान ध्वनि वाले शब्द सूची में जोड़ते है)

माला		जल		केला		मोती
ताला		....		....		....
....		....		....		....
....		....		....		....
....		....		....		....

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-108 - संदर्भ की मदद से आस-पास मौजूद प्रिंट के अर्थ और उद्देश्य का अनुमान लगाते हैं, जैसे- टॉफी के कवर पर लिखे नाम को 'टॉफी', 'लॉलीपॉप' या 'चॉकलेट' बताना।

गतिविधि 4. बूझो अक्षर

चित्रों को देखकर शब्दों को पूरा करें

i.

....	थी
थ	

ii.

....	भी
ल	

iii.

....	कू
बी	

iv.

....	ती
जा	

....	ला
	....



vi.

....	न
नी	

v.

....	ला
	....

गतिविधि 5. ढूंढ़ो अक्षर

i. इस चित्र में 'क' कहाँ है ? उस पर घेरा लगाइये।

ii. इस डाली में 'म' अक्षर कहाँ–कहाँ पर आया है? घेरा लगाइये।



iii. इस चकती को घुमाइए और किसी एक बिन्दु पर हाथ रखकर स्थान का नाम पढ़िए। सभी खानों में 'ब' अक्षर को चिन्हित करें।



गतिविधि 6. ये है कौन?

जानवरों / पक्षियों / अन्य के नाम बताइए

(बिल्ली, बादल, पानी, चिड़िया, कौआ)

i. म्याऊँ म्याऊँ कर दौड़ी .... ।

ii. गड़ाम—गुड़म कर गरजे .... ।

iii. झम—झम करके बरसा .... ।

iv. चींची करती आई .... ।

v. काँव—काँव कर चीखा .... ।

(इस तरह के वाक्यांशों को बोलकर या पढ़वाकर बच्चों से उत्तर लिया जा सकता है। शिक्षक छात्रों को इस तरह के वाक्यों का उदाहरण लेकर दो समूहों में कार्य करें और सही उत्तर को अंक देवें।)

●●●